# दुग्ध उत्पादन के साथ सप्लाई से बढ़ेगा रोजगार और आय



▶ दुग्ध सहकारी संस्थाओं के दो दिवसीय 'कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण' का समापन

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ (भोपाल) और जिला सहकारी संघ (उज्जैन) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुक्रवार को समापन हो गया। यह प्रशिक्षण उज्जैन तहसील की दुग्ध सहकारी संस्थाओं के अध्यक्षों, संचालकों, समिति प्रबंधकों, सचिवों और कंप्यूटर ऑपरेटरों के लिए 26 और 27 फरवरी को आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए जिला सहकारी संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेर सिंह सोलंकी ने सहकारिता का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि आज विश्व में कई जीवन उपयोगी वस्तुओं, विशेषकर दुग्ध उत्पादन में संगठित सहकारिता के कारण ही हम प्रथम स्थान पर हैं। सोलंकी ने अधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली समितियों से अपील की कि वे अब सप्लाई के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाएं। इससे संस्थाओं का मुनाफा बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने अन्य राज्यों का उदाहरण देते हुए बताया कि दुग्ध संघों द्वारा मार्केटिंग संघ बनाकर सप्लाई का जिम्मा सौंपने से उनकी आय में भारी बढ़ोतरी हुई है।

**पशुओं की देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करें:** दुग्ध सहकारी संघ उज्जैन के पर्यवेक्षक चंद्रनारायण शर्मा ने दुग्ध उत्पादक सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने पशुओं की देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करें। इससे निश्चित तौर पर दुग्ध उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि होगी। उन्होंने सदस्यों को दुग्ध सहकारी संस्थाओं से जुड़कर ही दूध देने की सलाह दी, ताकि वे मध्य प्रदेश शासन और सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ उठा सकें।

### नई तकनीक और नवाचार पर जोर

दुग्ध संघ के सुपरवाइजर मनोज शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों से जिला संघ द्वारा चलाई जा रही शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यशालाओं में अधिक से अधिक भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नई तकनीक और नवाचारों को सीखकर अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वहीं, पशु चिकित्सक डॉ. रिंकेश कुमार वर्मा ने पशु प्रबंधन, टीकाकरण, उन्नत नस्ल, नस्ल सुधार और पशु रखरखाव से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला सहकारी संघ द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र और बैग वितरित किए गए। अंत में प्रभारी प्रबंधक सुमेर सिंह सोलंकी ने उपस्थित सभी अतिथियों और प्रशिक्षणार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# महिदपुर के गंगावाडी मेले में आयोजित हुई राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता, दिल्ली के पहलवान ने मारी बाजी



**महिदपुर।** शहर में नगर पालिका द्वारा आयोजित 103वां गंगावाडी मेला (मवेशी) में राष्ट्रीय स्तर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से आए पहलवानों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की मुख्य कुश्ती में दिल्ली के बलवान पहलवान ने जीत का परचम लहराया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेश धाकड शामिल हुए। नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई ओमप्रकाश माली ने अध्यक्षता की। पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान विशिष्ट अतिथि रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने भगवान हनुमान के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। नगर पालिका सीएमओ राजा यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष राजेश धाकड ने संबोधित करते हुए कहा कि महिदपुर का मेला 103 वर्षो से परम्परानुसार लगाया जा रहा है। जिसकी भव्यता देखते ही बनती है। कुश्ती कलां को बढावा देने के लिए सरकार की ओर से हर संभव मदद की जाएगी। समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता और उपविजेता पहलवानों को नकद राशि और स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य निर्भयसिंह भाटी और निलेश दावरे ने किया। आभार सीएमओ राजा यादव ने माना। इस अवसर पर एसडीओपी जेडेन लिंगजेरपा, पार्षद जगदीश राठौर, आशा राठौर, जनपद सदस्य रीता बडगुर्जर, कैलाश राठी, ललित गार्डी, दिनेश ग्रोवर, कमल राठी, सुधीर मुणत, कौशल मल्होत्रा, रामचन्द्र आंजना, सतीश यादव सहित बडी संख्या में पहलवान और गणमान्य नागरिक मौजुद रहे। कुश्ती प्रतियोगिता में नवीन मिश्रा व बलराज बैरागी पहलवान का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर में

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**घट्टिया।** संस्कार कॉन्वेंट स्कूल घट्टिया में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के द्वितीय दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान विषय शिक्षा पर आधारित पोस्टर बनाए गए। प्रतियोगिता में 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चो ने विद्यालय में एक से बढ़कर एक पोस्टर बना कर विज्ञान के बढ़ते कदम का संदेश देते हुए, विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करते हुए जैसे कि जल चक्र में पानी को कैसे बचाया जाए, पर्यावरण एवं जल को कैसे दूषित होने से रोका जाए, हमारे सौर मंडल के ग्रहों की निकटता एवं दूरी बताई गई। विद्यालय प्राचार्य रविंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान सप्ताह में विभिन्न कार्यक्रम एमपी काउंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मध्य प्रदेश भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए गए।

### उज्जैन के राजेश जाट बने भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश प्रभारी



**उज्जैन।** जिले के बड़नगर तहसील अंतर्गत ग्राम गुणावद निवासी राजेश जाट पुत्र भेरूलाल जाट को भारतीय किसान यूनियन का युवा प्रदेश प्रभारी (मध्य प्रदेश) नियुक्त किया गया है। संगठन के सिसौली स्थित केंद्रीय कार्यालय किसान भवन से शुक्रवार, 27 फरवरी को उनका मनोनयन पत्र जारी किया गया। राजेश जाट को मध्य प्रदेश का युवा प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर राष्ट्रीय सरपंच संघ के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने पुष्पमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा हर्ष व्यक्त किया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन एवं प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि राजेश जाट के कार्य और मेहनत को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने नव-नियुक्त युवा प्रदेश प्रभारी से अपेक्षा की है कि वे संगठन और चौधरी टिकैत की नीतियों व कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे और मध्य प्रदेश में भारतीय किसान यूनियन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे।

### सुविधा प्रहलाद मीणा बनीं उज्जैन महिला जिलाध्यक्ष



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन द्वारा रुदाहेड़ा की सुविधा प्रहलाद मीणा को उज्जैन महिला जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। यह महत्वपूर्ण दायित्व महिला प्रदेश अध्यक्ष रेखा मीणा और प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष योगेश मीणा द्वारा आगामी आदेश तक के लिए सौंपा गया है। सुविधा प्रहलाद मीणा को यह जिम्मेदारी मिलने पर सतीश मीणा, आशुतोष मीणा, राजेश मीणा, दीपक मीणा, सतीश मीणा खोड़ा, दिनेश मीणा, गणेश मीणा, पंकज चादा, महेंद्र मीणा दादू, गणेश डोबाल, कमल सिंह मीणा, जगदीश मीणा, मधुरम मीणा, महेश मीणा, कमलेश मीणा, संजय मीणा चक, आयुष मीणा, नागदा अध्यक्ष कमल सिंह मीणा, पवन ऊषारा, विनोद मीणा छानवाल, महिदपुर अध्यक्ष संतोष मीणा, विजय सिंह मीणा, राकेश मंडावत मीणा, शक्ति मीणा, रंजीत मीणा, सीमा मीणा, नीम मीणा, ललिता मीणा, ओम प्रकाश मीणा, पवन मीणा, विष्णु मीणा, राहुल चंदा, विकास मीणा, जितेंद्र मीणा, टोनी मीणा, बंटी मीणा, प्रमिला मीणा और उर्मिला मीणा सहित संगठन के कई पदाधिकारी और समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया है। संगठन ने नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष से इस दायित्व का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वाह करने की अपेक्षा की है।

### श्री राम महल दरबार में भव्य निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला संपन्न, हजारों श्याम प्रेमियों ने लगाई हाजिरी

**उज्जैन।** शुक्रवार को श्री राम महल दरबार, खाटू श्याम जी मंदिर में परम पूज्य बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी के सान्निध्य में निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला भव्य रूप से संपन्न हुआ। हजारों श्याम प्रेमी भक्तों ने सपरिवार भाग लिया और फूलों की होली, 56 भोग प्रसादी, मधुर भजन संध्या और भोजन प्रसादी का आनंद लिया। दोपहर 3 बजे पिपली नाका चौराहे से शुरू हुई निशान यात्रा भव्यता के साथ श्री राम महल दरबार तक पहुंची। हजारों की संख्या में शामिल श्याम प्रेमियों ने निशान लहराते हुए, भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा पूरी की। मार्ग में कई स्थानों पर मंच लगाकर बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी और भक्तों का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के समापन के बाद फाग महोत्सव मेला प्रारंभ हुआ। खाटू श्याम बाबा को फूलों की होली खेली गई, दिव्य ज्योत श्रृंगार दर्शन हुए, 56 भोग प्रसादी अर्पित की गई और शाम को मधुर भजन संध्या के बाद सभी भक्तों को भोजन प्रसादी का लाभ मिला। पूरा मंदिर परिसर भक्ति, उत्साह और रंगों से सराबोर रहा। आयोजकों ने बताया कि यह पावन आयोजन न केवल होली के रंगों को धार्मिक भावना से जोड़ता है, बल्कि श्याम प्रेमियों के बीच भक्ति, एकता और प्रेम का संदेश भी देता है।

## सिंधी समाज की ऐतिहासिक पहल

# चेटीचंड पर वंचित वर्ग को मिलेगी हेलीकॉप्टर से हवाई तीर्थ यात्रा की सौगात



**उज्जैन।** सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सिंधी समाज, उज्जैन द्वारा इस वर्ष चेटीचंड के पावन अवसर पर एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी पहल की जा रही है। समाज के उन जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों के लिए, जिनके लिए हवाई यात्रा आज भी केवल एक सपना है, सिंधी समाज द्वारा हेलीकॉप्टर के माध्यम से विशेष तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। यह पहल स

माज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को सम्मान और खुशी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र कृपलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पुनीत कार्य डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन को प्रदान की गई विशेष हेलीकॉप्टर सुविधा के माध्यम से संपन्न किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक हवाई यात्रा नहीं, बल्कि उन लोगों के आत्मसम्मान और सपनों को पंख देने का प्रयास है, जो आर्थिक कारणों से ऐसी सुविधाओं से अब तक वंचित रहे हैं।

कृपलानी ने आगे कहा कि चेटीचंड सिंधी समाज का प्रमुख आस्था पर्व है, जो भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। ऐसे पावन अवसर पर समाज ने यह संकल्प लिया है कि उत्सव की खुशियों में वंचित वर्ग को भी सहभागी बनाया जाए, ताकि सामाजिक समरसता का संदेश और अधिक सशक्त हो।

इस महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर समाज की कोर कमेटी की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें विस्तृत चर्चा के पश्चात सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में संतोष लालवानी, राजकुमार परसवानी, गिरधारी लालवानी, राजू छतवानी, सुरेश तेजवानी, गंगाराम राघवानी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को समाज के लिए गौरवपूर्ण और अनुकरणीय कदम बताया। समाजजन ने बताया कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रखी जाएगी, जिससे वास्तविक जरूरतमंदों को इस सेवा का लाभ मिल सके। हेलीकॉप्टर से तीर्थ यात्रा का यह अनुभव उनके जीवन की अविस्मरणीय स्मृति बनेगा। सिंधी समाज की यह अनूठी पहल न केवल धार्मिक आस्था को नई ऊंचाई देगी, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करेगी। चेटीचंड के इस अवसर पर यह सेवा कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संदेश प्रसारित करेगा।

# भारत विकास परिषद की प्रांतीय बैठक आज, जुटेंगे 23 शाखाओं के 160 सदस्य

▶ अवंतिका शाखा करेगी मेजबानी, वर्ष भर की सेवा गतिविधियों और आय-व्यय का पेश होगा ब्यौरा

**उज्जैन।** भारत विकास परिषद के प्रांतीय अंतिम सत्र की बैठक रविवार, 1 मार्च 2026 को उज्जैन में आयोजित की जाएगी। चिंतामन रोड स्थित मल्होत्रा गार्डन में होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक की मेजबानी भारत विकास परिषद की अवंतिका शाखा कर रही है। अवंतिका शाखा के अध्यक्ष अजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल करेंगे। कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र के रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, रीजनल संगठन सचिव सुनील लवंगीकर और रीजनल गतिविधि संयोजक (सेवा) प्रदीप चोपड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस बैठक के दौरान महासचिव विनोद काला द्वारा सभी शाखाओं के माध्यम से वर्ष भर आयोजित की गई सेवा गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा तथा आय-व्यय का पत्रक सदन के समक्ष रखा जाएगा। प्रांतीय स्तर की इस बैठक में प्रांत की कुल 23 शाखाओं के 160 सदस्य और पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।


कार्यक्रम के संयोजक चिराग शाह और अवंतिका शाखा के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने सभी अपेक्षित सदस्यों एवं प्रांतीय पदाधिकारियों से इस बैठक में समय पर उपस्थित होने का आह्वान किया है।

## साधारण मिट्टी को कला से बनाया असाधारण

# ललित कला अकादमी दिल्ली में डॉ. योगेश्वरी फिरोजिया की चित्र प्रदर्शनी का समापन

▶ कालिदास संस्कृत अकादमी की उपनिदेशक ने पिता की स्मृति में आयोजित की थी एकल प्रदर्शनी

▶ व्हाइट क्ले और कैनवास के बेहतरीन तकनीकी प्रयोग से सजे चित्रों को वरिष्ठ मूर्तिकार सुरेश कुमार ने सराहा



**उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी की उपनिदेशक डॉ. योगेश्वरी फिरोजिया द्वारा अपने पिता भूरेलाल फिरोजिया की स्मृति में आयोजित एकल चित्रकला प्रदर्शनी का नई दिल्ली स्थित ललित कला अकादमी में समापन हो गया। यह प्रदर्शनी 21 से 27 फरवरी तक आयोजित की गई थी।

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के क्षेत्रीय संयोजक प्रचार-प्रसार डॉ. जफर महमूद ने बताया कि समापन कार्यक्रम वरिष्ठ मूर्तिकार सुरेश कुमार के मुख्य आतिथ्य और माता जावित्री फिरोजिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट कलाकार इंदु त्रिपाठी, मधुसूदन, हेम-ज्योतिका और शुचि कालरा की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत में जावित्री फिरोजिया ने शॉल, श्रीफल और पुष्पमाला से सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार ने डॉ. फिरोजिया के चित्रों की सराहना करते हुए कहा कि ये कलाकृतियां व्हाइट क्ले और कैनवास का एक बेहतरीन तकनीकी प्रयोग हैं। क्ले के उभरे हुए पैटर्न और गोल्ड का संतुलन इसे एक अद्भुत स्वरूप देता है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग चौखानों को एक बड़े 'वी' आकार में जोड़ना कलाकार की गहरी सोच और सुंदर संयोजन को दर्शाता है। यह सरल, सहज स्वरूप और शिल्प कौशल का अद्भुत मिलन है। डॉ. फिरोजिया की कला शैली तकनीकी अमूर्त चित्र शैली है। ये केवल पेंटिंग नहीं हैं जिन्हें सिर्फ देखा जाए, बल्कि यह मूर्तिकला का वह त्रिविमीय रूप है जिसे छूकर महसूस किया जा सकता है। व्हाइट क्ले पर सुनहरे रंग का प्रयोग एक आध्यात्मिक प्रभाव प्रस्तुत करता है, जो यह दर्शाता है कि कैसे साधारण मिट्टी को कला के माध्यम से असाधारण बनाया जा सकता है।

# माकड़ौन तराना विधानसभा में नि :शुल्क हृदय जांच शिविर संपन्न



**माकडोन.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण दो वर्षों के उपलक्ष्य में संचालित नि:शुल्क हृदय जाँच शिविर अभियान के अंतर्गत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माकडोन-तराना विधानसभा में एस.एन कृष्णा हॉस्पिटल उज्जैन के सहयोग से शिविर का सफल आयोजन पूर्णिमा श्री सेवा संस्थान के संयोजक व भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल जी की सम्मानित उपस्थिति में किया गया। मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों और 'सेवा ही संगठन' की भावना से प्रेरित होकर आयोजित इस शिविर में क्षेत्र की जनता को निम्न स्वास्थ्य सेवाएँ नि:शुल्क प्रदान की गईं। ब्लड प्रेशर जांच, शुगर जांच, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी, हृदय रोग से संबंधित विशेष परामर्श एवं जांच एस एन कृष्णन हॉस्पिटल उज्जैन के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा 265 मरीजो की जांच की गई। 91 मरीजो की ई सी जी ,16 मरीजो को इको के लिये उज्जैन रेफर किया गया। यह आयोजन केवल एक स्वास्थ्य शिविर नहीं, बल्कि गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के प्रति संवेदनशील नेतृत्व का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के जन्मदिवस को सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए समाजहित में यह सराहनीय पहल की गई।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष माकड़ौन गोकुल राठौर , मंडल अध्यक्ष माकडो़न विशाल पांडे, मंडल पत्रकार श्याम कारपेंटर नितेश पाटीदार, विधानसभा संयोजक मनोज मकवाना जी, विक्रम सिंह गोंदिया जी निगम बैरागी बलवंत सिंह राजपूत पवन विश्वकर्मा शुभम भावसार कुलदीप वर्मा उपस्थित रहे।

**एक नजर** ▶ लोक संस्कृति को सहेजने का सराहनीय प्रयास, भविष्य के शोधार्थियों का मार्ग प्रशस्त करेगी यह पुस्तक : डॉ. अर्पण भारद्वाज

# डॉ. गीतांजलि मिश्रा की शोध कृति 'बुंदेली लोक साहित्य का अनुशीलन' का विमोचन

**उज्जैन।** क्लीं महाकाली महाविद्या शक्तिपीठ द्वारा 26 फरवरी को क्षिप्रम् होटल के सभागार में डॉ. गीतांजलि मिश्रा के शोध कार्य पर आधारित ग्रंथ 'बुंदेली लोक साहित्य का अनुशीलन' का लोकार्पण किया गया। इस पुस्तक में मुख्य रूप से लोकपर्व, व्रत, त्यौहार और उत्सवों पर केंद्रित बुंदेली लोक कथाओं का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और राजकुमारी मिश्रा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वरिष्ठ कवयित्री अनामिका सोनी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जिसमें तबले पर पंडित शैलेंद्र भट्ट और हारमोनियम पर पंडित अजय मेहता ने संगत दी। अतिथियों का स्वागत पंडित राजाराम मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, शक्तिपीठ आचार्य हरगोविंद मिश्रा, भागवत आचार्य पंडित रितेश रावल और पंडित शाश्वत मिश्रा ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज थे। अध्यक्षता हिंदी एवं मालवी के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया ने की। मध्य प्रदेश लेखक संघ की उज्जैन इकाई के अध्यक्ष व पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. हरिमोहन बुद्धोलिया तथा हिंदी विभाग की डॉ. हीना तिवारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। संस्कृत विदुषी और लेखिका डॉ. पाखुरी वक्त ने पुस्तक की विस्तृत समीक्षा की।



**लोक साहित्य का संरक्षण समय की मांग:** अपने उद्बोधन में कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि आज के समय में लोक साहित्य, लोक कथा, लोक पर्व, लोकगीत और लोक संस्कृति को सहेजने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. गीतांजलि मिश्रा ने अपनी इस कृति के माध्यम से लोक साहित्य को सहेजने का जो कार्य किया है, वह सराहनीय है और आने वाले समय में यह संग्रहणीय कृति शोधार्थियों का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस दौरान डॉ. गीतांजलि मिश्रा ने अपनी कृति और शोध से जुड़े अनुभव उपस्थित विद्वानों के साथ साझा किए।

### काव्य गोष्ठी और लेखिका का सम्मान

इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में वरिष्ठ कवि सतीश श्रीवास्तव 'सागर', डॉ. विक्रम परमार 'विवेक', हास्य कवि सुरेंद्र सर्किट और डॉ. राजेश रावल 'सुशील' ने अपनी कविताओं का पाठ किया। ग्रंथ लोकार्पण के पश्चात ? क्लीं महाकाली महाविद्या शक्तिपीठ द्वारा लेखिका डॉ. गीतांजलि मिश्रा को शॉल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भूपेंद्र बर्बेले, अंकित तोमर, पंडित रितेश रावल, पंडित मोहित दवे और मोनिका झरिया सहित कई पारिवारिक, सामाजिक एवं साहित्यिक संस्थाओं से जुड़े गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन मालवी गीतकार डॉ. राजेश रावल ने किया और आभार अनुज शाश्वत मिश्रा ने माना।